तापमान
अधिकतम 44 .2 डिग्री
न्यूनतम 34 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 जून 2024

13 बस परिसर में भरा ड्रेन का दूषित पानी, कैसे होगी ...



14 नीट में हुई गड़बड़ी ने बच्चों का भरोसा तोड़ा..



## खबर संक्षेप



### जूतों के शोरूम से सामान और रुपये ले गए चोर

**गोहाना।** शहर में अंबेडकर चौक के पास चोरों ने जूतों के शोरूम में चोरी की है। चोर रात के समय शोरूम से सामान व रुपये चोरी कर ले गए हैं। बरोदा निवासी देवेन्द्र मोर ने बताया कि उनका फव्वारा चौक पर जीवों का शोरूम है। वे सोमवार को शोरूम बंद करके घर चले गए। मंगलवार शाम को 5.00 बजे शोरूम के ऊपर गोदाम मे जाकर देखा तो दो जैकेट और 20 हजार रुपये की नकदी चोरी मिले। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

### विदेश भेजने के नाम पर 96 लाख रुपये की ठगी

**गोहाना।** विदेश भेजने के नाम पर गांव बरोदा मोर के पूर्व सरपंच के साथ 96 लाख रुपये की ठगी की गई। आरोपियों ने दो युवकों को विदेश भेजने के लिए 50-50 लाख रुपये में सौदा किया था। बरोदा मोर निवासी रमेश उर्फ लीला ने बताया कि व गांव के पूर्व सरपंच हैं। उनकी जान पहचान जिला जींद के गांव लिवाना निवासी दिनेश के साथ हैं। बातचीत में दिनेश ने कहा था कि लड़कों को अमेरिका भेज दो खर्च भी कम लगेगा। पीड़ित ने दिनेश के भाई अजय के खाते में 7 लाख 60 हजार रुपये ऑनलाइन कर दिया और 10 लाख रुपए नकद दिए। बाकी के रुपये नकद दिए और पीड़ित ने 96 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए। अब दिनेश पैसे मांगने पर धमकी दे रहा है।

### ट्रक के सामने बाइक अड़ाकर चालक को पीटा

**गोहाना।** नूरण खेड़ा के पास पेट्रोल पंप के नजदीक ट्रक के सामने बाइक अड़ाकर ट्रक चालक को पीटा गया है। पुलिस को दी शिकायत में नूरण खेड़ा निवासी प्रदीप ने बताया कि वह ट्रक चालक है। 16 जून को रात 9 बजे जब वे नूरण खेडा गांव के पास ट्रक को खड़ा का कर दुकान से सामान ले रहे थे तो ईशापुर खेडी निवासी रिंकू अपने साथियों दिनेश, साहिल, अनुज, अजय, अभिषेक, अकुंश अनुज, सितारा व अन्य के साथ आया और ट्रक के सामने बाइक उडाकर ट्रक के अंदर आ गए। उन्होंने चालक को पीटा और भाग गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके 35 हजार रुपये व मोबाइल भी छीना गया है।

### ग्रामीण ने पक्के खाल की ईंट की चोरी

**गोहाना।** गोहाना। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बरोदा थाना पुलिस को शिकायत दी है कि बुटाना गांव निवासी धर्मपाल मोगा न0 21210/एल बरोदा माईनर के चलते हुए पक्के खाल की डोल को दिया है और खाल की सभी ईंटों को चोरी कर अपने घर ले गया है। जिससे कई किसानों के खेतों की सिंचाई बंद हो गई। बरोदा थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 21 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, मुरथल के कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने हमारी प्राचीन संस्कृति वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित रही है। विश्व को योग भारत देश की देन हैं। उन्होंने कहा कि योग से मानव जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विवि में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय में योगाभ्यास प्रातः किया जा रहा है। योगाभ्यास विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा के निर्देशन में किया जा रहा है। योगाभ्यास में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

# शाम को बदला मौसम, तेज हवाओं से मिली राहत

- दिनभर बनी रही भीषण गर्मी को देर शाम तेज हवाओं ने किया कम
- बूंदाबांदी के आसार, अधिकतम तापमान में गिरावट, न्यूनतम में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्षेत्र के लोगों को मौसम में बुधवार देर शाम थोड़ी राहत मिली। दिनभर भीषण गर्मी का दौर चला और शाम होते-होते हवाओं में थोड़ी नमी महसूस हुई। जिसकी वजह से मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो देर रात से मौसम में परिवर्तन हो सकता है। जिसकी वजह से वीरवार और शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी के आसार बने हुए हैं। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आएगी। वहीं बुधवार की बात करें तो बुधवार को अधिकतम तापमान में गिरावट तो न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिले में बुधवार को सुबह से भी लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना करना पड़ा। दिन भर 16 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवाओं से तन झुलसते रहे। मंगलवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में गिरावट आई है, लेकिन न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिससे लोगों को दिन में उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले जिले का अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30.9 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है।



### आज बारिश के आसार

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। देर रात से आसमान में बादल छाने और वीरवार को बारिश होने के आसार हैं।
-**डॉ. प्रेमदीप**, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, सोनीपत

# कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 24 को

**सोनीपत।** हरियाणा खेल विभाग द्वारा जिला कैथल में 28 से 30 जून तक राज्यस्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता व केसरी दंगल (पुरुष व महिला) का आयोजन किया जा रहा है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता व केसरी दंगल में जिला के खिलाड़ियों का चयन करने के लिए 24 जून को प्रताप स्कूल खरखौदा में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र दहिया ने बताया कि ट्रायल के लिए भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने साथ रिहायशी प्रमाण पत्र या बिजली का बिल, ड्राइविंग लाईसेंस, पासपोर्ट तथा बैंक अकाउंट की कॉपी साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर-17 ग्रुप के लिए जन्मतिथि जनवरी 2007 तथा अंडर-21 ग्रुप के लिए जन्मतिथि जनवरी 2003 मान्य होगी। उक्त प्रतियोगिता कुल 60 वजनों में आयोजित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

# आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड बन रही है पहली पसंद

- जिले में 13 आईटीआई, 3900 सीटों पर होने हैं दाखिले
- दाखिलों के आवेदन में महज दो दिन हैं शेष
- महाविद्यालयों में भी जारी है दाखिलों का दौड़, 25 जून है आखिरी तिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले भर के आईटीआई (कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) में दाखिलों का दौर जारी है। दाखिलों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने के दो दिन और बचे हैं, ऐसे में विद्यार्थी अधिक संख्या में आईटीआई में दाखिलों के लिये पहुंच रहे हैं। प्रदेश स्तर की बात करें तो प्रदेश में 54 हजार 543 आवेदन मिले हैं। जिनमें से 50 हजार 340 विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिशियन ट्रेड को प्राथमिकता में रखा हुआ है।

आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 07 जून से शुरू हुई थी। जिसकी अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित की गई है। प्रदेश भर की आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन करने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। अब तक विभिन्न ट्रेड में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की सूची में कैथल जिले टॉप पर बना हुआ है। जबकि सोनीपत जिले का टॉप टेन में कहीं पर भी नहीं है। सोनीपत में 13 आईटीआई की करीब 3900 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। हालांकि अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। आईटीआई प्रबंधन की मानें तो आवेदन करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों की पहली पसंद इलेक्ट्रीशियन ट्रेड ही बनी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शेड्यूल जारी किया जाएगा।

**महाविद्यालयों में भी जारी है प्रक्रिया:** महर्षि दयानंद विवि से संबंधित महाविद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र से नई शिक्षा नीति को लागू कर दिया है। जिसके तहत दाखिलों की आवेदन प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालयों में 25 जून तक विद्यार्थी आवेदन करवा सकते हैं। वहीं दस्तावेजों का सत्यापन 28 जून तक किए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 02 जुलाई व फाइनल कट ऑफ 03 जुलाई को जारी की जाएगी। जिसके आधार पर 04 से 08 जुलाई तक विद्यार्थियों को फीस जाएगा। दूसरी फाइनल कट ऑफ 10 जुलाई को जारी की जाएगी। किसी कॉलेज में सीटें रिक्त रहने पर 16 जुलाई से विलंब शुल्क के साथ काउंसिलिंग की जाएगी।

### हेल्प डेस्क भी बनाए

महाविद्यालयों में 25 तारीख तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रोजाना सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी कॉलेज में पहुंच रहे हैं। कॉलेज में विद्यार्थियों की सुविधा के लिये हैल्प डेस्क भी बनाए गए हैं।
-**डा. नरेंद्र खत्री**, प्राचार्य, सीआरए कॉलेज, सोनीपत

### अंतिम तिथि 21 जून

आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की भीड़ लग रही है। अन्य वर्षों की भांति ही इस बार भी इलेक्ट्रीशियन ट्रेड ही विद्यार्थियों की पहली पसंद बनी हुई है। यही कारण हैं आवेदन करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी च्वाइस में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड को प्राथमिकता दी है। आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 21 जून है।
- **विक्रम सिंह**, प्राचार्य, आईटीआई, सोनीपत

### टॉप टेन जिले

| जिला | आवेदन |
|---|---|
| कैथल | 7758 |
| भिवानी | 7319 |
| जींद | 7288 |
| हिसार | 7271 |
| यमुनानगर | 5669 |
| अंबाला सिटी | 5296 |
| सिरस | 5135 |
| करनाल | 4687 |
| नरवाना | 4571 |
| बरवाला | 4376 |

**इन ट्रेडस को प्राथमिकता**

| ट्रेड | आवेदन |
|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 50340 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंड असिस्टेंट | 23445 |
| वायरमैन | 13121 |
| फिटर | 12834 |
| रेफ्रिजरेटर एंड एसी तक. | 6337 |
| वेल्डर | 5390 |
| प्लंबर | 4697 |
| मशिनिष्ट | 4689 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट | 4597 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 4548 |

# आईटीआई में दाखिले की अंतिम तिथि कल

- विभिन्न ट्रेडों में 244 सीटों पर दाखिले की प्रकिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। जानकारी देते राजलूगढ़ी आईटीआई इंचार्ज अशोक कुमार।

आईटीआई में दाखिला लेने के लिए आनलाइन आवेदन 21 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद आईटीआई में दाखिला की प्रक्रिया बंद हो जाएगी। जानकारी देते हुए राजलूगढ़ी आईटीआई इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा आईटीआई में दाखिले के लिए 7 जून से 21 जून तक आवेदन प्रक्रिया जारी की गई है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह 21 जून तक आवेदन आनलाइन जमा करवाएं, ताकि वह दाखिला लेने से वंचित न रहें। उन्होंने बताया कि सरकार ने बेटियों को कौशल और रोजगार प्रदान करने के लिए आईटीआई में पढ़ने वाली छात्राओं को छात्रवृति भी देगी। सरकार द्वारा छात्राओं को 2500 रुपये प्रोत्साहन व 1000 रुपये टूल किट दी जाएगी। यह राशि महिला दिवस पर एकमुश्त ही मिलेगी। साथ ही उन्हें फ्री बस सुविधा मिलेगी। दाखिला के आवेदन के लिए आईटीआई में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। आवेदन कर्ता अपने सभी दस्तावेज के साथ किसी भी आईटीआई में आ कर आवेदन कर सकता है। आईटीआई राजलुगढ़ी में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, प्लंबर, स्टेनो हिंदी, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर, पेंटर, कोपा आदि विभिन्न ट्रेडों में 244 सीटों पर दाखिले होने की प्रकिया जारी है। उम्मीदवारों के पास आधार, फोन नंबर, ईमेल आईडी एवं पीपीपी का होना अनिवार्य है।

### योग दिवस पर कार्यक्रम में विधायक होंगी मुख्यातिथि

**सोनीपत।** 21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी मुख्यातिथि होंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस लाईन में किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत गन्नौर में एडीसी अंकिता चौधरी, गोहाना में एसडीएम विवेक आर्य, कथूरा में ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक तथा खरखौदा में जिप चेयरपर्सन मोनिका दहिया मुख्यातिथि होंगी।

### कैफे में पार्टी के दौरान छात्रा को जहर देकर मार डाला, केस दर्ज

**गोहाना।** शहर में पार्क रोड स्थित एक कैफे में पार्टी में गई छात्रा को दो युवकों ने जहर खिला दिया। छात्रा कालेज में पढ़ती है और उसकी मौत हो गई। छात्रा की तबीयत बिगडऩे पर दोनों युवक उसे उठाकर बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल लेकर गए। वहां छात्रा को दाखिल करवाने के बाद दोनों युवक फरार हो गए। छात्रा के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। गोहाना के एक गांव के जगन्नाथ ने पुलिस को बताया कि उसकी तीन बेटियां थी।

बड़ी बेटी गोहाना कालेज में पढ़ती थी। वह मंगलवार सुबह सवा नौ बजे गांव के बस स्टैंड से किसी वाहन में बैठकर कालेज के लिए गई थी। वह कालेज जाने की बजाए कालेज के निकट सिविल रोड पर एक कैफे में गई। उसे रोहित व सचिन कैफे लेकर गए थे। उनके पास बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल से फोन आया कि उनकी बेटी को यहां लाया गया है और मर चुकी है। वहां पहुंचने पर उसे पता चला कि रोहित व सचिन उसकी बेटी को दाखिल करवाकर भाग गए थे। जगन्नाथ ने कहा कि उसकी बेटी को दोनों युवकों ने जहर देकर मारा है।

### घर से लाखों के जेवरात व 4.5 लाख की नकदी चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित ट्रांसपोर्टर के बंद घर से चोर लाखों के आभूषण व साढ़े चार लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार सहित हरिद्वार स्नान करने गए थे। वहां से लौटने पर चोरी का पता लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्टर अनिल ने बताया कि वह 15 जून को अपने परिवार सहित हरिद्वार गए थे। 18 जून को वहां से वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान चोरी था। चोर उनके घर सोने की 14 अंगूठी, चेन, मंगलसूत्र, दो जोड़ी बालियां, चार जोड़ी चांदी की पाजेब, 2 मोबाइल व साढ़े चार लाख रुपये की नकदी चोरी मिली। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि पुलिस टीम मामले की गहनता से जांच कर रही है। इसके लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जाएंगे।

## गड़बड़ी करने के आरोप में सहायक अभियंता को कर दिया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कई सालों से बंद एटलस फैक्टरी की जमीन पर कॉलोनी काटने के मामले में गड़बड़ी करने पर नगर निगम के सहायक अभियंता पर गाज गिरी है। फैक्टरी की जमीन पर कॉलोनी काटने के लिए चैंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) तक नहीं ले रखा था। साथ ही नियमों को दरकिनार करके रिहायशी व कॉमर्शियल प्लॉट भी काटे जा रहे थे। जिस पर सहायक अभियंता नवरत्न वत्स ने मिलीभगत करके बिना किसी को सूचित किए 30 प्रॉपर्टी आईडी (पीआईडी) बना डाली। इस मामले में शहरी निकाय निदेशालय के आयुक्त एवं सचिव विकास कुमार ने सहायक अभियंता नवरत्न वत्स को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया है।

एटलस फैक्टरी कई साल पहले बंद होने के बाद पुराने निर्माण को तोड़कर 10 एकड़ में जमीन पर कॉलोनी काटी जा रही थी। यह जमीन सरकारी रिकॉर्ड में फैक्टरी के लिए आवंटित है। जिसे आगे तो बेचा जा सकता है, लेकिन फैक्टरी की जमीन पर रिहायशी व वाणिज्यिक प्लॉट काटना असंभव है। नगर निगम के अधिकारियों को पता होते हुए भी फैक्टरी की जमीन पर काटे गए प्लॉटों पर प्रॉपर्टी आईडी बना दी। राजनीतिक नेता द्वारा इस जमीन को खरीदा गया है। नगर निगम की ओर से की गई गड़बड़ी की जांच के मामले में डीसी ने निगमायुक्त से जवाब मांगा था। सीएलयू प्रमाणपत्र कंट्रोल एरिया में किसी भी भूमि को व्यावसायिक या किसी अन्य कार्यों के उद्देश्य बदलने के लिए लेना होता है।

### जमीन पर सीएलयू नहीं किया

एटलस फैक्टरी की जमीन पर सीएलयू तक नहीं किया गया। इस जमीन काटी गई कॉलोनी में 30 प्रॉपर्टी आईडी फर्जी तरीके बनी मिली। इसके आधार पर सहायक अभियंता को निलंबित कर दिया गया है।
- **विश्राम मीणा,** निगमायुक्त, नगर निगम

### फुटबाल में जूनियर लड़कें व लड़कियों का ट्रायल 23 को

**सोनीपत।** जिला फुटबाल संघ सोनीपत द्वारा जिला सोनीपत के जूनियर लड़कें व लड़कियों के लिये 23 जून को शाम 5 बजे एसएम हिंदू फुटबाल एकेडमी, जैन बाग कॉलोनी में ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इस ट्रायल के लिये जूनियर लड़कों का जन्म 1 जनवरी 2009 से 31 दिसंबर 2010 के मध्य तथा जूनियर लड़कियों का जनम 1 जनवरी 2008 से 31 दिसंबर 2010 के मध्य होना चाहिये। जिला स्तरीय इस ट्रायल में खिलाड़ियों का जिला फुटबला संघ से रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन के निर्देशानुसार लड़कें व लड़कियों की जिला स्तरीय केवल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित लड़कें व लड़कियां इस माह के अंत में हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली फाइनल ट्रायल में हिस्सा लेंगें। राज्य स्तरीय ट्रायल में चयनित खिलाड़ी अगले महीने राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगें।

**भाजपा में पूर्व मंत्री समेत 9 उम्मीदवार कर रहे हैं तैयारी, कांग्रेस के 2 उम्मीदवार मैदान में**

# लोस में दिया था भाजपा का साथ, विस में कांग्रेस की क्या बनेगी बात?

दीपक वर्मा ▶▶| सोनीपत

लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही भाजपा, कांग्रेस समेत इनेलो और जजपा विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गई है। हालांकि भाजपा हमेशा ही चुनावी मोड में रहती है, इसीलिये चुनाव की तैयारियों में भी आगे रहती है। प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को प्रभारी भी बना दिया गया है। वहीं कांग्रेस बिना संगठन के लोकसभा चुनावों में अप्रत्याशित सीटें जीतकर विस चुनावों में उच्च मनोबल के साथ उतरेगी। दूसरी ओर इनेलो और जजपा पर लोस चुनावों में बुरे प्रदर्शन के दाग को दूर करने का प्रेशर रहेगा। विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर स्थानीय स्तर पर भी नेताओं ने काम शुरू कर दिया है। जिसके तहत नेता खुद को कैंडीडेट के तौर पर प्रोजेक्ट करने में जुटे हुए हैं। सिर्फ सोनीपत विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो सोनीपत विस में 9 नेता खुद को विधानसभा का प्रत्याशी साबित करने के लिये दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से केवल दो उम्मीदवार ही मैदान में दिखाई देते हैं। इसमें मौजूदा विधायक सुरेंद्र पंवार और मेयर निखिल मदान का नाम आता है। हालांकि मौजूदा विधायक होने के चलते सुरेंद्र पंवार की टिकट को लेकर ज्यादा संशय नहीं है।

**भाजपा में पूर्व मंत्री समेत कई उम्मीदवार:** सोनीपत विस में भाजपा के पास इस समय कई नेता खुद को टिकट का दावेदार प्रोजेक्ट करने में जुटे हुए हैं। पूर्व मंत्री कविता जैन, उनके पति राजीव जैन, पब्लिक ब्यूरो ऑफ एंटरप्राइजेज के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं नगर निगम मेयर के प्रत्याशी रह चुके ललित बतरा, भाजपा के जिला महामंत्री रह चुके योगेशपाल अरोड़ा, जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी बाबा अमित बिंदल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा. ओमप्रकाश, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं।

**कांग्रेस में उम्मीदवारी कम:** कांग्रेस के उम्मीदवारों में पहला नाम मौजूदा विधायक सुरेंद्र पंवार का आता है। मेयर निखिल मदान भी कांग्रेस की ओर से मजबूत उम्मीदवार हो सकते हैं। नगर निगम मेयर की सीट वैसे भी महिला के लिये आरक्षित हो चुकी है। मेयर के पास राजनीति में करियर बनाए रखने के लिये विस का विकल्प आता है। कोई और नेता विस चुनावों की तैयारियों के मोड में नहीं है।

### लोकसभा चुनावों में मिली थी 35 हजार की लीड

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में बेशक से कांग्रेस ने भाजपा को 21 हजार से अधिक मतों से हरा दिया हो, लेकिन अगर सोनीपत विधानसभा की बात करें तो अकेले सोनीपत विधानसभा ने भाजपा को 35 हजार 846 की लीड दी थी। सोनीपत विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली को 85 हजार 479 मत मिले, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को 49 हजार 633 मत मिले थे। लोकसभा चुनावों में मिली 35 हजार की लीड को देखते हुए हर भाजपाई विधानसभा चुनावों में अपनी जीत को लेकर अधिक आश्वास्त नजर आता है।

### 32 हजार मतों से जीती थी कांग्रेस

2019 के विधानसभा चुनावों में सोनीपत से कांग्रेस के उम्मीदवार सुरेंद्र पंवार ने 32 हजार 861 मतों से जीत दर्ज की थी। सुरेंद्र पंवार को 79 हजार 354 मत मिले थे। वहीं दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी एवं तत्कालीन मंत्री कविता जैन रही थी, जिन्हें 46 हजार 493 मत प्राप्त हुए थे। इनके अलावा अन्य सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इसमें जजपा की ओर से अमित बिंदल को 834, इनेलो के बालकिशन शर्मा को 546 मत ही प्राप्त हुए थे। वहीं तीसरे नंबर पर 1842 मतों के साथ लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के हंसराज आए थे।

### सोनीपत विधानसभा का इतिहास

| वर्ष | विजेता | निकटतम प्रतिद्वंदी |
|---|---|---|
| 1967 | मोहनलाल (कांग्रेस) | मुख्तयार सिंह (जनसंघ) |
| 1968 | मुख्तयार सिंह (जनसंघ) | दीवान द्वारका (कांग्रेस) |
| 1972 | चिरंजीलाल (कांग्रेस) | वासदेव (जनसंघ) |
| 1977 | देवीदास (जनता पार्टी) | चिरंजीलाल (कांग्रेस) |
| 1982 | देवीदास (भाजपा) | मोहनलाल (कांग्रेस) |
| 1987 | देवीदास (भाजपा) | शामदास (कांग्रेस) |
| 1991 | शामदास (कांग्रेस) | सतेंद्र (जनता पार्टी) |
| 1996 | देवराज दीवान (आजाद) | ओमप्रकाश (सपा) |
| 2000 | देवराज दीवान (आजाद) | देवीदास (भाजपा) |
| 2005 | अनिल ठक्कर (कांग्रेस) | राजीव कुमार (निर्दलीय) |
| 2009 | कविता जैन (भाजपा) | अनिल ठक्कर (कांग्रेस) |
| 2014 | कविता जैन (भाजपा) | देवराज दीवान (कांग्रेस) |
| 2019 | सुरेंद्र पंवार (कांग्रेस) | कविता जैन (भाजपा) |

स्टार योग मंत्र


# योग बनाए हेल्दी-एनर्जेटिक

हेल्थ के लिए योगाभ्यास के फायदों को आम लोग ही नहीं सेलिब्रिटीज भी मानते हैं। यहां दो टीवी एक्टर्स बता रहे हैं, योग उनकी लाइफ और हेल्थ को मेंटेन करने में कितना मायने रखता है?

### मैं नियमित योगासन करता हूं: आरव चौधरी



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले 'श्रीमद रामायण' सीरियल में दशरथ के किरदार में नजर आए आरव चौधरी कहते हैं, 'योग का महत्व मैंने मेरे पिताजी से सीखा है। योग उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा हुआ करता था। मेरी नजरों में योग सिर्फ शरीर के अंगों की क्रियाओं तक ही सीमित नहीं होता है, बल्कि एक ऐसी गतिविधि है, जो मन को एकाग्रचित करने के साथ ही आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत भी बनाता है। आज की भाग-दौड़ भरी दिनचर्या शारीरिक और मानसिक तौर पर थका देने वाली होती है, जिसे योग और ध्यान द्वारा संतुलित किया जा सकता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा हमें दिया गया बेशकीमती उपहार है, जिसे अपने रूटीन में अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। वैसे तो सभी आसनों का अपना एक अलग ही महत्व होता है। लेकिन मैं भुजंगासन, वज्रासन और कई आसनों के साथ ध्यान भी करता हूं। वज्रासन रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है, जिन्हें साइटिका या स्लिप डिस्क जैसी बीमारियां हो, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर इन आसनों को जरूर करना चाहिए। मैं खुद भी स्लिप डिस्क की समस्या से ग्रसित था। इसकी वजह से ब्लड फ्लो रुकने लगता है। जब काफी इलाज कराने के बाद भी मुझे कोई आराम नहीं मिला, तब मैंने योग का सहारा लिया, जिसके बाद मुझे इसमें बहुत आराम मिला। योग ने मानो मेरी स्लिप डिस्क की समस्या को छूमंतर कर दिया है।




मेरा मानना है कि योगासन और ध्यान, एकाग्रचित मन के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने में भी बहुत मदद करता है। इससे शारीरिक और मानसिक विकारों से राहत मिलती है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा, तो ही हम हर कार्य बेहतर ढंग से कर सकेंगे। योग हर उम्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए हम सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए।*

### मैं नियमित सूर्य नमस्कार करता हूं: विनीत चौधरी



शेमारू चैनल के शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में शनिदेव की भूमिका निभा रहे एक्टर विनीत कुमार चौधरी योगासन के महत्व के बारे में बताते हैं, "मैं नियमित रूप से योगासन करता हूं। उनमें से कुछ ऐसे आसन हैं, जिन्हें मैं रोज करता हूं। इनमें से एक है, सूर्य नमस्कार। इससे पूरे शरीर का वर्कआउट हो जाता है। यह मांसपेशियों को मजबूती देता है, शरीर में संतुलन और लचीलापन बनाए रखता है। यह न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है, बल्कि हृदय को भी स्वस्थ रखता है। इसके अलावा कपालभाति प्राणायाम करना भी नहीं भूलता। रोज इसे केवल 10 मिनट भी करने से पहले तो खूब पसीना होता है। उसके बाद बहुत सुकून और आराम मिलता है। यह तनाव को कम कर चिंतामुक्त बनाता है और मानसिक शांति देता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी संतुलित करता है। योगासन करने से शरीर फुर्तीला और मजबूत बनता है। इससे हमें जल्दी थकान नहीं होती है। एक एक्टर के तौर पर ये फायदे हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। इससे लंबे समय तक शूटिंग करने के बावजूद भी खुद को फुर्तीला महसूस करता हूं। मेरा मानना है कि हम कितने भी बिजी क्यों ना रहें योगासन के लिए कुछ मिनट जरूर निकालने चाहिए।'*



प्रस्तुतिः सेहत डेस्क



योगमय जीवन

दिव्यज्योति 'नंदन'

पिछले दिनों 'जॉन हॉपकिंस मेडिसिन होम' ने अपने एक स्वास्थ्य बुलेटिन में स्वीकार किया कि 21वीं सदी में समूचा मेडिकल तंत्र योग का लोहा मान रहा है। क्योंकि मेडिकल साइंस में आज तक ऐसी कोई दवा नहीं बनी, जो एक साथ बहुत सारी बीमारियों में समान रूप से फायदेमंद हो और न ही कोई ऐसी मेडिकल डिस्कवरी हुई है, जो भारत में जन्मे प्राचीन ज्ञान, 'योग' का मुकाबला कर सके। दुनिया में कोई ऐसी बीमारी नहीं है और कोई भी ऐसी उम्र नहीं है, जब योगासनों के फायदे न होते हों। हर बीमारी के लिए कोई न कोई बेहद स्पेसिफिक योगासन है। यूं तो जॉन हॉपकिंस मेडिसिन होम ने अपने ग्राहकों के लिए योग के दर्जनों फायदों का जिक्र किया है, लेकिन हम योगासनों से होने वाले पांच सबसे महत्वपूर्ण फायदों पर एक नजर डालेंगे, जिससे स्वतः स्पष्ट हो जाएगा कि आखिर पूरी दुनिया के मेडिकल जगत में योगासनों का इस कदर चमत्कारिक डंका क्यों बज रहा है?

शरीर की अलग-अलग मुद्राएं योगासन कहलाती हैं। इन योगासनों का अगर हम नियमित अभ्यास करें तो अनेक तरह की बीमारियों से बचे रह सकते हैं। यही नहीं इससे हमारे भीतर सकारात्मकता, नई ऊर्जा और चेतना का संचार होता है, जिससे जीवन को हम सहजता से जीना सीखते हैं। योगाभ्यास के विभिन्न फायदों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# नियमित करें योग रहें हमेशा निरोग

### मूड रहता है पॉजिटिव

योग, शरीर और मन को एक साथ लाने का सरल अभ्यास है। शरीर की विभिन्न मुद्राएं, हमें यह गुण प्रदान करती हैं। श्वास तकनीक और ध्यान प्रक्रिया भी इसका हिस्सा है। जब योगासन हमारी दैनिक जिंदगी का सहज जरिया हो जाते हैं, तो हमारी शारीरिक मुद्राएं संतुलित, लचीली और शक्ति से भरपूर हो जाती हैं, जिससे होने वाली चिंताएं कम हो जाती हैं और जो रहती भी हैं, वह हमें परेशान नहीं करती हैं। चूंकि योग तनाव, चिंता, अवसाद और हमारी नकारात्मक सोच पर विराम लगाता है, इसलिए नियमित रूप से योगासन करने वाले लोगों का मूड हमेशा अच्छा रहता है। जब मूड अच्छा होता है तो जिंदगी को लेकर हम बेहद सकारात्मक होते हैं और हमारी जीवनशैली बेहद अनुशासित हो जाती है। हम सब जानते हैं कि आज सबसे ज्यादा लोग जीवनशैली के रोगों से ग्रस्त हैं। जब हम हर दिन नियमित रूप से योगासन करते हैं तो गलत जीवनशैली से उत्पन्न होने वाले रोगों से मुक्ति मिल जाती है।



### हृदय रहता है स्वस्थ

नियमित योग करने वाले लोगों के शरीर में ऐसी सूजन कभी नहीं होती, जो एक उम्र के बाद अधिकांश लोगों के शरीर का हिस्सा बन जाती है। दरअसल, नियमित योगासन करने वालों के शरीर में सूजन इसलिए नहीं पैदा होती, क्योंकि योग करने से उनका दिल स्वस्थ रहता है। ऐसे लोगों में उच्च रक्तचाप और अतिरिक्त वजन की समस्या न के बराबर होती है, इस वजह से भी ऐसे लोगों का दिल स्वस्थ रहता है, वह सहज गति से धड़कता है। कम से कम एक दर्जन ऐसे योगासन हैं, जो भले अलग-अलग मुद्राओं से संबोधित होते हों लेकिन उन सबका साझा असर यह होता है कि हमारा दिल स्वस्थ रहता है और इससे हम बहुत तरह की बीमारियों से बचे रहते हैं।

### आती है अच्छी नींद

विभिन्न शोध अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि जो लोग नियमित तौर पर योगासन करते हैं, उन्हें हर रोज भरपूर नींद आती है। नियमित योगाभ्यास के जरिए ऐसे लोगों के सोने और उठने में एक रिद्म आ जाता है, जिस कारण अच्छी नींद उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हो जाता है। अलग-अलग अध्ययनों से यह भी सिद्ध हुआ है कि अच्छी नींद हासिल करने का मतलब है, कई तरह की बीमारियों से मुक्त रहना। अच्छी नींद नियमित योगाभ्यास का एक ऐसा सुखद नतीजा है, जिसकी चाह आज पूरी दुनिया रखती है, क्योंकि दवाओं के जरिए नींद न तो गुणवत्तापूर्ण आती है और न ही उसके नतीजे बेहतर होते हैं।



### सामाजिक जुड़ाव से बढ़े सकारात्मकता

कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि एक जैसे स्वभाव के लोगों का आपस में मिलना-जुलना खुशियों से भरता है। यह गतिविधि हमें स्वस्थ रखती है और हमारी उम्र बढ़ाती है। नियमित योग करने वाले लोग जब घर के बाहर अपने ही जैसे दूसरे लोगों के साथ मिलकर यह अभ्यास करते हैं तो उन्हें एक-दूसरे की बेहतर समझ और जानकारियों का फायदा तो मिलता ही है, साथ ही नियमित योग करने वाले लोग जब आपस में मिलते-जुलते हैं तो खूब हंसी-मजाक करते हैं और एक लंबा तनावरहित और उल्लास से भरा जीवन जीते हैं। इसका नतीजा हमें बेहतर शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के रूप में मिलता है। योग कक्षाओं में भाग लेना इसलिए जरूरी है, क्योंकि वहां आप सिर्फ योगासन नहीं सीखते बल्कि सीखे और सीखने की कोशिश करने वाले लोगों का साथ भी पाते हैं, जो हमें खुश रखता है और सेहतमंद भी।

सलाह / योगाचार्य शिव

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए कारगर योग



**शारीरिक स्वास्थ्य** के साथ ही योग, मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत कारगर होता है। इस बारे में मुंबई स्थित सैफी अस्पताल में योगा कोच योगाचार्य शिव (शिवम पांडेय) कहते हैं, 'हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के अनेक उपाय हैं, जैसे दौड़ना, जॉगिंग करना, व्यायाम या कोई खेल की गतिविधि करना। लेकिन योग अभ्यास को अन्य फिटनेस गतिविधियों से जो बात अलग करती है, वह है योग की शरीर के तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव डालने की क्षमता। हमारा नर्वस रिस्पॉन्स हमें जीवन में सही और नैतिक ढंग से कार्य करने की क्षमता देता है और इसका गहरा संबंध हमारी रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) से भी होता है। स्पाइन को हेल्दी और एक्टिव रखने में योग बहुत इफेक्टिव है। एक अमेरिकन जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, स्ट्रेस आने वाले कल की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनने वाली है। ऐसे में योग बहुत कारगर सिद्ध हो सकता है। योग हमारे नर्वस सिस्टम के साथ-साथ हमारे श्वसन तंत्र को भी प्रभावित करता है। स्ट्रेस और एंजाइटी के समय हृदय की गति बढ़ जाती है, जिससे ब्लड प्रेशर प्रभावित होता है और शरीर का होमियोस्टेसिस अनियंत्रित हो जाता है। ऐसे में प्राणायाम बहुत कारगर है। अनुलोम-विलोम का 4 मिनट से लेकर 10 मिनट तक का अभ्यास ब्लड प्रेशर को कम करके शरीर का होमियोस्टेसिस बैलेंस करता है। इसके साथ ही हस्तपादासन, सुप्त वज्रासन, भुजंगासन शरीर में ऊर्जा का संचार बढ़ाते हैं। इन आसनों का अभ्यास प्रतिदिन 1 से 2 मिनट तक 3 से 4 बार करना चाहिए। इसके अलावा ध्यान, भक्ति, मंत्र-जाप आपके शरीर में सेरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन और मेलाटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स में संतुलन ला सकते हैं, जिससे मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त होती है।'

### कई तरह के दर्दों से मिले राहत

दर्जनों ऐसे योगासन हैं, जो हमारे शरीर के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले दर्दों से हमें राहत देते हैं। मसलन, पीठ के निचले हिस्से में होने वाले भयंकर दर्द से नियमित योगाभ्यास हमें छुटकारा दिलाता है। इसी तरह कैट या काऊ पोज हमें कंधों, हथेलियों और कूल्हों के दर्द से छुटकारा दिलाता है। इसी तरह सिरदर्द, कमर में होने वाले दर्द, घुटनों के दर्द आदि से भी योग के विभिन्न तरीके हमें राहत दिलाते हैं। इस तरह देखें तो योग करने के अनगिनत फायदे हैं।*

एडवाइस / शिखर चंद जैन

## चमत्कारी प्रभाव वाले स्पेशल मेडिटेशन

मानसिक तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ेपन से मुक्ति देकर मन को एकाग्रचित और शांत करने के लिए प्राचीनकाल से मेडिटेशन का सहारा लिया जाता रहा है। मेडिटेशन करने के कई तरीके हो सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**शावर मेडिटेशनः** जब भी आप शावर ले रहे हों तो कल्पना करें कि आप तनाव नकारात्मक विचारों, अवसाद और उद्विग्नता को पानी के साथ बहाकर बाहर कर रहे हैं। अपनी त्वचा पर पानी की शीतलता और उसके दबाव से मिलने वाले आनंद को महसूस करें। आपको लगेगा मानो उदासी, दुख, पछतावा, चिंताएं निकालकर बहती हुई बाहर नाले में जा रही हैं। यह अभ्यास और नजरिया आपके तन के साथ-साथ मन को भी सुकून देगा।

**विजुअलाइजेशन मेडिटेशनः** जब भी आप विजुअलाइज करना यानी जो चाहते हैं, उसकी एक स्पष्ट छवि और स्पष्ट विचार की कल्पना करना सीख लेते हैं, तो आपके लिए उस चीज या लक्ष्य को हासिल करना आसान हो जाता है। विजुअलाइजेशन मेडिटेशन के लिए किसी शांत जगह पर आंखें बंद करके बैठ जाएं और पूरा ध्यान अपने लक्ष्य पर केंद्रित करते हुए उस चीज को देखें। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।



**ग्रिटीट्यूड मेडिटेशनः** जब आप अपनी तकदीर को उलाहना देना, अपराधबोध से उबरकर, प्रकृति को, लोगों को, अपनी किस्मत को और ईश्वर को धन्यवाद देना सीख लेते हैं, तो आपके मन में सकारात्मक के भाव आने लगते हैं। इसके लिए किसी बगीचे में या नदी किनारे आंखें बंद करके सुकून से आसन लगाकर बैठ जाएं। फिर धीरे-धीरे उन चीजों को याद करें, जो आपके पास हैं और इसके लिए सबका आभार व्यक्त करें।

**मंत्र मेडिटेशनः** इसमें किसी ध्वनि की बारंबार पुनरावृत्ति से मन को सुकून मिलता है। यह कोई शब्द, वाक्यांश या ध्वनि भी हो सकती है। जैसे प्रणवाक्षर ओम अत्यंत लोकप्रिय और प्रभावकारी मंत्र है। जब आप अपनी संपूर्ण मानसिक ऊर्जा इसके उच्चारण में लगाकर पूरी तरह इसमें लीन हो जाते हैं, तो मन मस्तिष्क और हृदय की गहराई तक सकारात्मक कंपन महसूस करते हैं।

**बॉडी स्कैन मेडिटेशनः** किसी उद्यान या शांत जगह पर मैट बिछा कर लेट जाएं। शरीर को ढीला छोड़कर आंखें मूंद लें। अपने पैर की अंगुलियां से शुरुआत करते हुए सर तक के शरीर के हर अंग पर ध्यान दें। इससे शरीर और मन के बीच संतुलन साधने में मदद मिलेगी साथ ही नई उर्जा का एहसास होगा।*

न्यू ट्रेंड

डीजे नंदन

ब्रेन योग वास्तव में दिमाग की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने का एक सरल तरीका है। इसके प्रभाव को देखते हुए नई पीढ़ी के लोग ब्रेन योग के जरिए मानसिक एकाग्रता को और ज्यादा बेहतर बनाकर मानसिक तीव्रता हासिल करने की कोशिश करते हैं।

## यंगस्टर्स में बढ़ रहा ब्रेन योग का क्रेज



ब्रेन योग से दिमाग सिर्फ स्थिर या संतुलित ही नहीं रहता बल्कि इसकी कार्यप्रणाली भी तीव्र और बेहतर होती है। यह एक किस्म का मानसिक व्यायाम है। यह मस्तिष्क की तरंगों को खासतौर पर चैनलाइज करने की प्रक्रिया है और इस पर नियंत्रण करके हम अपने दिमाग को पारंपरिक तरीके से कहीं बेहतर रूप में विकसित कर सकते हैं। इस योग प्रक्रिया के जरिए हम अपने दिमाग के विभिन्न हिस्सों से न सिर्फ मजबूत संबंध स्थापित कर सकते हैं बल्कि उन्हें खासतौर पर नियंत्रित भी कर सकते हैं। इससे दिमाग का फोकस बढ़ता है, दिमागी ऊर्जा का जबरदस्त संचार होता है।

**निखरती है पर्सनालिटीः** ब्रेन योग के कुछ फायदे लोगों के समूचे व्यक्तित्व में दिखते हैं। मसलन, ऐसे लोगों की स्मार्टनेस साफ तौर पर नजर आती है। कुछ लोगों के कार्यपरिणामों में उनकी कुशलता या स्मार्टनेस दिखती है। पब्लिक डीलिंग में ऐसे लोग होते हैं, तो उन पर आम लोग कहीं ज्यादा भरोसा करते हैं, क्योंकि उनके समूचे व्यक्तित्व पर आत्मविश्वास झलक रहा होता है।



**मन-मस्तिष्क में बने संतुलनः** ब्रेन योग हमारे मन और मस्तिष्क पर एक मनोवैज्ञानिक संतुलन साधने की तरकीब भी है। इससे हमारे सोचने की क्षमता तो बढ़ती ही है, हमारे सोचने की दिशा ज्यादा रचनात्मक भी बनती है। याद्दाश्त बढ़ना तो इस योग के शुरुआती और बहुत मामूली फायदों में से है। जब हम नियमित रूप से सुपर ब्रेन योग की प्रैक्टिस करते हैं और इसमें दक्षता हासिल कर लेते हैं तो इसका असर हमारे कामों और लिए गए निर्णयों में भी दिखता है। तब हमारे काम ज्यादा सफाई से किए गए होते हैं और हमारे लिए गए निर्णय कहीं ज्यादा स्पष्ट और प्रभावशाली होते हैं। अगर इसे तकनीकी भाषा में कहें तो सुपर ब्रेन योग दरअसल, हमारे दिमाग के दो हिस्सों को एक साथ नियंत्रित करने का तरीका है। माना जाता है कि हमारे मस्तिष्क के दो भाग हैं, एक दायां भाग और एक बायां भाग। आमतौर पर एक समय में मस्तिष्क का एक ही हिस्सा काम करता है, दूसरा हिस्सा निष्क्रिय रहता है। लेकिन ब्रेन योग के अभ्यास से हमारे दिमाग के दोनों हिस्से एक ही समय पर एक ही दिशा में सक्रिय हो सकते हैं।

**सरल तरीका-भरपूर प्रभावीः** कई बार हमारे सामाजिक व्यवहार में कुछ ऐसी गतिविधियां शामिल होती हैं, जिनका मतलब हम नहीं जानते, लेकिन वे बहुत दूरगामी लक्ष्य को साध रही होती हैं, जैसे- पुराने जमाने में जब किसी छात्र को शिक्षक द्वारा बार-बार पूछे गए सवाल का जवाब नहीं आता था, तब शिक्षक उन्हें दोनो कान पकड़ने या मुर्गा बनने की सजा देते थे। लेकिन अब कई योगाचार्य बता रहे हैं कि वास्तव में यह सजा एक सुपर ब्रेन योग था। एक साथ दोनो कान पकड़ने से हमारे दिमाग का ग्रे-मैटर बढ़ता है और इससे हमारे निर्णय लेने की क्षमता और हमारा फोकस बढ़ता है। यही वजह है कि आजकल योगाचार्य बच्चों को ब्रेन योग कराने की सलाह देते हैं।*

आह्वान

अजेश कुमार

योग का अभ्यास जो भी व्यक्ति नियमित करता है, उसे इसके लाभ मिलते हैं। खासतौर पर महिलाएं अगर इनका अभ्यास करें तो तन-मन से सशक्त बन सकती हैं।

## योगाभ्यास से महिलाएं बनें सशक्त



इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' है। यह विषय समग्र रूप से महिलाओं को स्वस्थ, निरोग, आनंदमय, शांतिपूर्ण और गतिशील बनाए रखने के लिए उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से ही निश्चित की गई है।

**कई बीमारियों से बचाएः** महिलाओं की बहुत सी ऐसी बीमारियां होती हैं, जिन्हें योगासनों से दूर किया जा सकता है। योग विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भाशय संबंधी सभी बीमारियों में सर्वांगासन और शीर्षासन का अभ्यास करना चाहिए। बार-बार गर्भपात हो जाना या बच्चा न होने की अवस्था में स्त्रियों को शीर्षासन से लाभ पहुंच सकता है। बोंस को मजबूती देने में भी योगासनों का बहुत प्रभाव पड़ता है। रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य के लिए आगे झुकना, पीछे झुकना, दाएं-बाएं झुकना और विभिन्न आसनों से उसे लचीला बनाना और नाड़ी के प्रवाह को ठीक रखना आवश्यक है। योग रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी समस्याओं को सौ प्रतिशत सही करने में सक्षम है। इनमें सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, नाड़ी तंत्र, सियाटिका और स्पोंडेलाइटिस आदि शामिल है। योगासन से पाचन शक्ति बढ़ती है। अग्निसार, उड्यान बंध और कई आसन और क्रियाएं पाचन संस्थान को मजबूत करती हैं। योगासन से रक्त संचार बढ़ता है। रक्त के परिभ्रमण द्वारा सभी अवयवों को पौष्टिक पदार्थ प्राप्त होते हैं और उनके गंदे तत्व बाहर निकलते हैं। मस्तिष्क को भी योगासनों से स्वस्थ रखा जा सकता है। योगासन से शरीर के सबसे नाजुक अंग, मस्तिष्क का भी व्यायाम किया जा सकता है। शीर्षासन वैसे तो सभी अंगों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, परंतु विशेषकर मस्तिष्क को स्वस्थ रखना और स्मरण शक्ति तेज करना शीर्षासन से ही संभव है। शीर्षासन का सहयोगी सर्वांगासन है। लाइफस्टाइल संबंधी किसी भी परेशानी से निजात पाने के लिए प्रतिदिन 30 से 45 मिनट योगाभ्यास करना जरूरी है।



**वर्किंग महिलाएं जरूर करें योगः** काम-काजी महिलाएं घर और ऑफिस के कामों के चलते लगातार व्यस्त रहती हैं। लेकिन फिर भी उन्हें योग के लिए कुछ समय जरूर निकालना चाहिए। इसका उनकी हेल्थ और लाइफ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ ऐसे योगासन हैं, जिन्हें वे अपनी दिनचर्या में शामिल कर अपने तन-मन को स्वस्थ रख सकती हैं। जैसे-भ्रामरी प्राणायाम मन को शांत करता है और बौद्धिक क्षमताओं को बढ़ाता है। इसका अभ्यास मानसिक तनाव या एंजाइटी से उबारता है। यह शरीर के समस्त अंगों की शक्ति को बढ़ाता है और मन की चंचलता को दूर करता है।

इस प्राणायाम का अभ्यास करने से त्वचा पर पड़ने वाली झांइयों और रिंकल से भी मुक्ति मिलती है। इस प्रक्रिया को 10 से 15 बार आसानी से किया जा सकता है। इसी तरह अनुलोम-विलोम प्राणायाम भी बहुत फायदेमंद है। इसमें दोनों नासिकाओं से बारी-बारी से पूरक और रेचक किया जाता है। इससे नाड़ियों की सफाई होती है और व्याधियों पर नियंत्रण प्राप्त होता है। इसके अलावा 'ओउम' के उच्चारण से और ध्यान केंद्रित करने से हमारे हृदय और मस्तिष्क की शक्ति बढ़ती है और हृदय रोग नहीं होते हैं। इसके उच्चारण से पिट्यूटरी ग्रंथि की क्रियाशीलता बढ़ती है और शरीर में प्राणवायु का संचार होता है।

किसी भी योगासन का अभ्यास करने से पहले अनुभवी योगाचार्य से उसका प्रशिक्षण जरूर प्राप्त कर लें।*

**(मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व योगाचार्य उदय जी और भोपाल के योगाचार्य पवन गुरु जी से बातचीत पर आधारित)**

आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### लाखों की फिरौती मांगने के दो और आरोपी दबोचे

**खरखौदा।** पचास लाख की फिरौती मांगने की घटना में संलिप्त दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ललित निवासी खरखौदा व आकाश निवासी फरीदाबाद के रहने वाले है। गत 17 जून को मुकेश गोयल ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि वह आईएमटी खरखौदा में नीलगिरी नाम से फैक्ट्री चलाता है। 9 जून को जब रात को उसका गार्ड ड्युटी पर था तो अमरजीत निवासी रामपुर अपने एक साथी के साथ आया और गार्ड को गाली गलौज की व कहा अपने सेठ को बोलना 50 लाख रुपये दे देगा नहीं तो अंजाम बुरा होगा।

### आरोपित एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**सोनीपत।** जिले की एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल थाना क्षेत्र में स्थित गुलशन ढाबे पर शराब कारोबारी हत्याकांड में आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस विभाग की तरफ से आरोपित पर पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ था। गिरफ्तार आरोपित नीरज निवासी उद्देशीपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव खीजरपुर जट माजरा निवासी सुनील कुमार ने गत 10 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि बुआ का लड़का मूलरूप से गांव सरगथल फिलहाल पटेल नगर निवासी शराब कारोबारी सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा (36) गुलशन ढाबा की पार्किंग में अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आया था।

### मारपीट की घटना में संलिप्त आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने महिला से मारपीट व छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन निवासी राजपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने 2 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है।

### दिल्ली को पानी नहीं देना चाहिए : अभय चौटाला

**सोनीपत।** इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव एवं ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला ने कहा कि जब पंजाब एसवाईएल बनवाने के बावजूद हरियाणा को पानी नहीं दे रहा तो हरियाणा को भी दिल्ली को पानी नहीं देना चाहिये। इनेलो नेता अभय चौटाला बुधवार को निजी बैंक्वेट हॉल में कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचें थे। उन्होंने एसवाईएल मुद्दे को हल करने की मांग उठाई और बताया कि प्रदेश में पानी को लेकर स्थिति सही नहीं है। इसके बावजूद हरियाणा के हिस्से का पानी जानबूझ कर दिल्ली को दिया जा रहा है।

### केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**गोहाना।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट मनोज गोहाना ने बुधवार को अनाथ बच्चों के साथ केक काटकर राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन मनाया। अनाथ बच्चों ने मिठाई भी खाई। एडवोकेट मनोज गोहाना ने कहा कि राहुल गांधी एक कुशल राजनीतिज्ञ, निर्भिक योद्धा और भाईचारा जोडकर चलने वाले व्यक्ति हैं। राहुल गांधी ने आजादी के बाद कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक देश की सबसे बड़ी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश को भाईचारे का संदेश दिया।

# जीवनवाहिनी खुद पड़ी बीमार, बेड़े में शामिल आधे के करीब सर्विस स्टेशन पहुंची

## अस्पताल से रेफर होने वाली गर्भवती महिलाओं व अन्य को दो से ढाई घंटे तक का करना पड़ रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में लोगों की जान बचाने में सहायक जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) खुद बीमार पड़ी है। बेड़े में शामिल आधे के करीब एंबुलेंस सर्विस स्टेशन व अस्पताल परिसर में खड़ी है। जिसके चलते अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों व गर्भवती महिलाओं को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में एंबुलेंसों में तकनीकि खराबी के आने की बाते कही जा रही है। वहीं समय पर एंबुलेंसों के रख-रखाव को लेकर सवाल खड़े होने लगे है। बुधवार को आपातकालीन कक्ष के बाहर एंबुलेंस को लेकर मरीजों के परिजनों में कहासुनी तक हो गई। मरीजों को अस्पताल से एंबुलेंस मिलने में दो से ढाई घंटों तक का



सोनीपत। गैराज में खड़ी एंबुलेंस। फोटो :हरिभूमि

इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में गर्भवती महिला की हालत गंभीर बताकर रेफर करने पर उनकी जान को जोखिम में डाला जा रहा है। परेशानी तीमारदार निजी एंबुलेंस या निजी वाहन में जाने पर मजबूर हो रहे है। बता दें कि जिले में बेहत्तर सुविधाएं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) को तैनात किया है। जोकि घायलों व अस्पताल में गंभीर हालत के चलते रेफर होने वाली गर्भवती महिलाओं व घायलों को पीजीआई व अन्य बड़े अस्पतालों में पहुंचाने में सहायक होती है। मौजूद समय में विभाग के पास 29 जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) तैनात है। उक्त जीवनवाहिनी (एंबुलेंस)में से 14 एंबुलेंस बीमार पड़ी चुकी है। जिन्हें उपचार के लिए सर्विस स्टेशन पहुंचाया गया है। वहीं कुछ एंबुलेंस अपने सेंटर पर उपचार का इंतजार कर रही है। प्रबंधन की तरफ से पूरे जिले में 16 एंबुलेंस से काम चलाया जा रहा है। इनमें से भी कुछ एंबुलेंस की स्थिति ठीक नहीं है। मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस रास्ते में भी खराब हो जाती है। आपाताकालीन कक्ष के बाहर एंबुलेंस को लेकर भिड़े दो पक्ष, दो से ढाई घंटों में मिल रही एंबुलेंस-बुधवार को आपातकालीन कक्ष के बाहर दो पक्षों में झगड़ा शुरू हो गया। करीब एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती चौहान जोशी निवासी रेशमा को चिकित्सक ने रोहतक रेफर कर दिया। वहीं प्रसूति विभाग में पहुंची जटवाड़ा निवासी डिंपल गर्भवती है। जिसे चिक्तिसक ने आप्रेशन की बात कहकर व सीरियस हालत बताकर महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। साथ ही गांव बड़ौली से आई गर्भवती प्रीति की हालत को गंभीर बताकर खानपुर रेफर कर दिया। रोहतक रेफर महिला के लिए एंबुलेंस लगा दी गई। वहीं दोनों गर्भवती महिलाएं व उनके परिजन ढाई घंटे से एंबुलेंस का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने पहले खानपुर भेजने के लिए कर्मचारियों को कहा। जिसके बाद दोनों पक्षों में कक्ष के बाहर तू-तू-मैं-मैं शुरू हो गई। प्रबंधन की तरफ से पहले दोनों गर्भवती महिलाओं का खानपुर भेजा। उसके करीब 10 मिनट बाद दूसरी एंबुलेंस बुलाकर रोहतक मरीज को रेफर किया। जिले में विभाग के बेड़े में शामिल एंबुलेंस कोरोना काल के दौरान कैमिकल का छिड़काव करने व अन्य कारणों के चलते कड़म हालत में पहुंच चुकी है। साथ ही गर्मी के चलते गाड़ियों में तकनीकी खराबी आने लगी है। एंबुलेंस संचालन टीम का कहना है कि पिछले काफी समय से एंबुलेंस की कमी बनी हुई है।

### जल्द ठीक करवाया जाएगा

विभाग के पास बेड़े में शामिल गाड़ियों में तकनीकी खराबी आने लगी है। जिन्हें दूर करने के लिए सर्विस सेंटर पर भेजना अनिवार्य होता है। इस वजह से मरीजों को कुछ इंतजार करना पड़ सकता है। इस समय मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। इसलिए दिक्कत हो रही है। 28 जून को नई एंबुलेंस मिलने की उम्मीद है। जिसके बाद बेड़े में कुछ राहत मिलेगी। वहीं खराब हुई गाड़ियों को जल्द से जल्द ठीक करवाने का काम किया जा रहा है। *डा. योगेश गोयल, प्रभारी एंबुलेंस सेवा सोनीपत।*

## ड्रेन नंबर-6 के ओवरफ्लो होने से हाल बेहाल, लोग परेशान

# बस परिसर में भरा ड्रेन का दूषित पानी, कैसे होगी लॉरी की सवारी

## कर्मचारी दूषित पानी से आ रही दुर्गंध के बीच काम करने को विवश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के बीच से होकर गुजर रही ड्रेन नंबर आठ रोडवेज में सफर करने व सोनीपत डिपो में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए अभिशाप बनी हुई है। अड्डे की दीवार के साथ गुजर रही ड्रेन नंबर-6 एक बार फिर ओवरफ्लो हो गई। जिससे ड्रेन का दूषित पानी बस अड्डा परिसर में भर गया और बस अड्डा बिना बारिश ही तालाब बना रहा। यात्रियों को दूषित पानी के बीच से होते हुए बसों में सवार होने को मजबूर होना पड़ा। काफी यात्रियों ने तो बस अड्डे के बाहर से ही बस पकड़ने में गनीमत समझी। साथ ही बस परिसर में काम करने वाली कर्मचारियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बस अड्डा परिसर में पानी भरने का पता लगने के बाद नगर निगम के अधिकारी अमले के साथ मौके पर पहुंचे और समाधान के प्रयास शुरू किए। बता दें कि शहर के बीच से होकर गुजर रही ड्रेन नंबर-8 को पक्का करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं सोनीपत बस अड्डे के साथ ड्रेन नंबर-6 गुजरती है। बस अड्डे का स्तर ड्रेन से नीचे होने के कारण अक्सर इसमें पानी भर जाता था। समस्या के स्थायी समाधान को लेकर ड्रेन-6 को पक्का करने का काम शुरू किया गया। ड्रेन के अधिकतर भाग को





सोनीपत। मुख्य द्वारा के पास यात्रियों को बैठाने के लिए लगाई बस व जेसीबी से मिट्टी डालकर रास्ता बंद करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

पक्का कर दिया गया है। मंगलवार शाम को नवनिर्मित ड्रेन में पानी छोड़ा गया। आगे से रास्ता संकरा होने के कारण ड्रेन ओवरफ्लो हो गई। ड्रेन के निर्माण के दौरान सामान लाने-ले जाने के लिए बस अड्डे की दीवार तोड़कर रास्ता बनाया था। रात को इसी रास्ते और एंट्री गेट के पास से ड्रेन का दूषित पानी बस अड्डा परिसर में भर गया। सुबह कर्मचारी और यात्री बस अड्डे पर पहुंचे तो बस अड्डा तालाब बना नजर आया। जिससे कर्मचारियों व यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह रहे कि बस अड्डे पर कार्यशाला में खड़ी कर्मचारी की कार पानी भरने के कारण यहीं फंसी रह गई। वहीं बस अड्डे से उत्तर प्रदेश, राजस्थान, जम्मू, शिमला, दिल्ली सहित अन्य स्थानों पर सीधी बस सेवा है। यही कारण है कि यहां से रोजाना हजारों यात्री आवागमन करते हैं। बुधवार को बस अड्डे में पानी भरने से यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विभिन्न रूटों पर जाने वाली बसों को बूथ से सटाकर खड़ा करवाया गया, ताकि यात्री पिछली खिड़की से बस में सवार हो सकें। इसके बाद बसों को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। यात्रियों व रोडवेज कर्मचारियों ने समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। दूषित पानी की दुर्गंध के बीच कर रहे कर्मचारी काम-बस अड्डा परिसर में ड्रेन का दूषित पानी भरने से यात्रियों के साथ ही कर्मचारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कर्मचारियों का कहना है कि दूषित पानी से आने वाली दुर्गंध से बैठना भी मुश्किल हो रहा है। वर्कशॉप की तरफ जाने के लिए कर्मचारियों को दूषित पानी के बीच से होकर जाना पड़ रहा है।

### जल्द किया जाएगा प्रबंध

बस स्टैंड परिसर का धरातल लेवल नीचा है। वहीं ड्रेन के बचे हिस्से का निर्माणकार्य निगम द्वारा किया जा रहा है। जिसके चलते ड्रेन के ओवरफ्लो होने से बस अड्डा परिसर में दूषित पानी भर गया है। नगर निगम अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया था। जिसके बाद नगर निगम अधिकारी जेसीबी लेकर पहुंचे हैं और जहां से दूषित पानी बस अड्डे में भर रहा है, वहां डालकर रास्ता बंद कर रहे हैं। पानी बंद होने के बाद अंदर भरे दूषित पानी की निकासी का प्रबंध किया जाएगा। *सुरेंद्र दुग्गल, एसएस, रोडवेज डिपो, सोनीपत*

### परिसर का लेवल नीचा, मिट्टी डाल रोकने का प्रयास

बस अड्डा परिसर में ड्रेन का पानी भरने का पता लगने के बाद नगर निगम अधिकारी अमले के साथ मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां दो जगह से पानी बस अड्डा परिसर में भर रहा था। दोनों स्थानों पर जेसीबी की सहायता से मिट्टी डालकर रास्ता बंद किया जा रहा है, ताकि बस ड्रेन का पानी बस अड्डे में ना जा सके। अधिकारियों का कहना है कि पानी जाने के रास्ते को बंद करने के बाद अंदर भरे पानी को निकालने का प्रबंध किया जाएगा।



राई। आंतिल बाराह खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल केक काटते हुए।

### कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**राई।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बहालगढ़ चौक के पास बुधवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया है। इस दौरान आंतिल बाराह खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। जयभगवान आंतिल ने कहा कि राहुल गांधी देश के प्रत्येक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए लम्बा संघर्ष कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा से लेकर न्याय यात्रा निकालकर राहुल गांधी सत्ता को सच्चाई का आईना दिखाकर अंतिम व्यक्ति के आंसू पोंछने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोगों की सेवा करने के लिए निस्वार्थ, समर्पित और भावुक प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने जांटी गांव से हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए बसें भेजी हैं। जाटी से हरिद्वार के लिए बसें रवाना करने के दौरान जयभगवान आंतिल ने कहा कि जब भी श्रद्धालु एकत्रित होकर किसी तीर्थ स्थल के दर्शन के लिए कहेंगे तो उनको तीर्थ स्थल के दर्शन करवाने का वे प्रयास करेंगे।

# ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के निर्देश

- विधायक ने मॉडल टाउन में पहुंचकर कालोनिवासियों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने मॉडल टाऊन स्थित जैश पार्क में पहुंचकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने बताया कि पार्क के अंदर बिजली का ट्रांसफार्मर रखा गया है, जिसकी वजह से हादसे की संभावना बनी रहती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बाहर शिफ्ट करने का निर्देश दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार को रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन जैश पार्क सर्कल मॉडल टाऊन के पदाधिकारियों व अन्य क्षेत्रवासियों ने बताया कि पार्क के अंदर बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिसकी वजह से बिजली की तारें भी पार्क के अंदर से क्रांस की हुई है। इसकी वजह से कई बार हादसे की संभावना बनी रहती है। बिजली के तार तेज हवा में आपस में कनैक्ट हो जाते है, जिसकी वजह से चिंगारियां उठ जाती है। इसके साथ ही कई बार बच्चे पार्क में खेलते समय ट्रांसफार्मर के पास पहुंच जाते है। क्षेत्रवासी समस्या के बारे में प्रशासन को भी अवगत करवा चुके है, लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर व बिजली की तारें शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर जितने भी पार्क है बिजली निगम को एक सर्वे करवाकर उन पार्कों के अंदर से बिजली की तारें व ट्रांसफार्मर शिफ्ट करवाने चाहिए।



सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार जैश पार्क में समस्याएं सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : पंकज



**गोहाना।** पतंजलि योग समिति गोहाना तहसील इकाई व भारत विकास परिषद शाखा गोहाना के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को 3 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर में शहर में बरोदा रोड स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। शिविर में लोगों को योग का अभ्यास करवाते हुए योगाभ्यास के लाभ बताए गए। निःशुल्क योग शिविर की अध्यक्षता पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी पंकज जैन व भारत विकास परिषद के गोहाना प्रभारी एडवोकेट ललित गोयल ने संयुक्त रूप से की। संयोजन भारत विकास परिषद के प्रांतीय रक्तदान सह-संयोजक सुनील कुच्छल व भारत स्वाभिमान जिला सोनीपत ग्रामीण किसान पंचायत के अध्यक्ष सुभाष सहरावत का रहा। मंच संचालन प्रवक्ता एवं योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने किया।

### 15 दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर संपन्न



**खरखौदा।** साधना स्थली सेवा भारती प्रशिक्षण केंद्र गांव झिंझौली में आयोजित 15 दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर बुधवार को सम्पन्न हो गया। जिसमें कक्षा 5 से लेकर कक्षा 8 तक के 8 राज्यों के 182 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रियांक कानूनगो राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग चेयरपर्सन, मुख्य वक्ता मुकेश त्रिपाठी सीनियर वाईस चेयरमैन सूर्या फाउंडेशन, हेमंत शर्मा वाईस चेयरमैन सूर्या फाउंडेशन,संजय राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग सदस्य झारखंड, आशीष एसडीओ खरखौदा, प्रमोद आसरे आदर्श गाँव योजना प्रमुख, कामेश्वर मार्गदर्शक, सुरेश संरक्षक साधना सेवा स्थली झिंझौली, शत्रुघ्न लाल शिविर प्रमुख, शिव कुमार ऑल ओवर कैंपस इंचार्ज व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रियांक ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

### योग जीवन को सफल बनाने का सर्वश्रेष्ठ उपाय



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा ने बुधवार को कहा कि योग जीवन को सफल बनाने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है। उनके अनुसार योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है।गीता विद्या मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महिला सशक्तिकरण थीम पर आधारित होगा। इसी की तैयारी के लिए स्कूल में दो दिन का स्पेशल प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। इस शिविर का दीप प्रज्वलन से शुभारंभ स्कूल के मैनेजर डॉ. मनोज शर्मा और प्रिंसिपल अश्विनी कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अश्विनी कुमार ने कहा कि योग से हम अपनी वृत्तियों को एकाग्रचित्त कर सकारात्मक ऊर्जा की ओर लगा सकते हैं। यौगिक क्रियाएं शिक्षक रवींद्र बत्रा ने करवाई। मंच संचालन शिक्षिका कृष्णा दहिया ने किया। इस आयोजन में कक्षा 3 से 12 के विद्यार्थी, उनके अध्यापक और अभिभावक उपस्थित रहे।

### पायलट रिहर्सल : लोगों को दिए योग के टिप्स




**गोहाना।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के उपलक्ष्य में बुधवार को गांव कथूरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पायलट रिहर्सल करवाई गई। कार्यक्रम में नागरिकों को योग के टिप्स दिए गए। मार्गदर्शन डॉ. जितेंद्र नांदल का रहा। कार्यक्रम में योग शिक्षक नरेश, सुनील, अरुण, योगी, बबीता, विक्की, प्रोमिला और सुनीता ने नागरिकों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। योग शिक्षकों ने अनुलोम-विलोम, प्राणायाम और कपालभाती सहित अन्य योग क्रियाओं के टिप्स दिए। कार्यक्रम में लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर नियमित रूप से योग करने का संकल्प भी दिलवाया गया।

### खरखौदा में समाधान शिविर, आई नौ शिकायतें



**खरखौदा।** एसडीएम श्वेता सुहाग के नेतृत्व में बुधवार को लगाए गए जन समस्या समाधान शिविर में अधिकारियों ने समस्याएं सुनी। इस दौरान 9 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें एक शिकायत बिजली निगम से संबंधित थी। जिसमें शिकायत की गई थी कि उनके खेतों में ट्यूबवेल पर बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। जिससे फसलें प्रभावित हो रही है। एक शिकायत पेयजल आपूर्ति से संबंधित थी। चार शिकायतें प्लॉट वसीयत, इंतकाल बारे में थी। जबकि तीन शिकायतें पीपीपी में संशोधन के संबंध में थी। जिसमें एक आय संबंधी, दूसरी विकलांग पेंशन संबंधी व तीसरी शिकायत पीपीपी में डेट ऑफ बर्थ बारे थी। एसडीएम श्वेता सुहाग ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी समस्याओं को समाधान जल्द से जल्द कराके एसडीएम कार्यालय में रिपोर्ट करें। एसडीएम श्वेता सुहाग ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर अपनी शिकायत इस कैंप के माध्यम से देना चाहता है तो वह सुबह 9 बजे से 11 बजे तक कार्यालय में आकर दे सकता है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं।



सोनीपत। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारीगण।

### शिकायतों का तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश

**सोनीपत।** आम जन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिला स्तर पर लघु सचिवालय के तृतीय तल पर प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपमंडल स्तर पर भी प्रतिदिन इस समय अवधि के दौरान समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं। बुधवार को समाधान शिविर के दौरान निगमायुक्त विश्राम मीणा ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी विभाग को जो सभी शिकायत भेजी जाए उसका तुरंत प्रभाव से निवारण करें।

**बैठक** | 22 जून को गोहाना की नई अनाज मंडी में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत

# राज्यस्तरीय संत कबीर दास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

- इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गोहाना की नई अनाज मण्डी में 22 जून को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय संत कबीर दास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बुधवार को लघु सचिवालय में बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करें। इसलिए सभी व्यवस्था को समुचि ढंग से पूरा करवाने के लिए उन्होंने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के तहत टेंट की व्यवस्था, लोगों के बैठने के साथ पेयजल व शौचालय की व्यवस्था, पार्किंग, रोड की मरम्मत, हेलीपैड का निर्माण, बैरिकेडिंग, मीडिया गैलरी, मुख्य मंच व सास्कृतिक मंच निर्माण इत्यादि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागीय अधिकारियों को भी पूर्ण सहयोग के निर्देश देते हुए विभिन्न प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हर प्रकार की व्यवस्थाओं की वे स्वयं जांच करेंगी।

उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए एसडीएम गोहाना विवेक आर्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने सांस्कृति व मैन स्टेज को लेकर एसडीएम को निर्देश दिए कि वे टैंट वाले के साथ मिलकर स्टेज बनवाने के साथ-साथ लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था के लिए कुर्सियों व अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण करवाएं। इस मौके पर एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, नगराधीश पूजा कुमारी, एसीपी गोहाना डीआरओ हरिओम अत्री, तहसीलदार जीवेन्द्र कुमार, डीआईओ विशाल सैनी, जिला उद्यान अधिकारी राकेश कुमार सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीसी अंकित चौधरी साथ में अन्य।

## खबर संक्षेप

### सुनार की दुकान से चांदी की पायल चोरी

**गोहाना।** बिचपड़ी गांव में ग्राहक बनकर आए महिला व पुरुष ने दुकान से तीन-चार जोड़ी चांदी की पायल चोरी कर ली है। दुकानदार ने चोरी की शिकायत सदर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिचपड़ी निवासी अक्षय ने बताया कि उनकी गांव में सुनार की दुकान हैं। 13 जून को शाम चार बजे एम महिला व पुरुष बाइक पर पायल देखने के बहाने आए और दुकान से तीन से चार जोड़ी चांदी की पायल चोरी करके चले गए। जब सुबह अक्षय ने सामान की जांच की तो पायल नहीं मिली। अक्षय ने सीसीटीवी की जांच की तो दोनों पायल चोरी करते हुए दिखाई दिए हैं

### अलग-अलग जगहों पर तीन लोगों की मौत

**सोनीपत।** अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। जिनमें एक ट्रक चालक भी शामिल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बुधवार को गांव बढ़खालसा के पास ट्रक में चालक बेसुध पड़ा मिला। पुलिस उन्हें लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंची तो उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मूलरूप से हिमाचल के हमीरपुर निवासी राजीव के रूप में हुई। वहीं मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर फिलहाल गन्नौर निवासी मनोज का शव उनके कमरे में मिला है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में ले जाकर पोस्टमार्टम कराया।

एक अन्य मामले में गांव सोहटी के दीपक का शव बरामद किया गया है। उनके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है। पुलिस ने उनका पोस्टमार्टम कराकर विसरा जांच को भेजा है। जिससे मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

### जेवरात चोरी में शामिल दो महिलाएं गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बस में सफर कर रही महिला के बैग से सोने के आभूषण चोरी करने की वारदात में शामिल दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महिलाओं को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। महिलाओं के पास से पुलिस ने 38 हजार रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### पंचायत समिति की साधारण बैठक स्थगित

**गन्नौर।** पंचायत समिति की साधारण बैठक स्थगित हो गई। बैठक में चेयरमैन सहित सभी 28 सदस्य भी नदारद रहे। जिस कारण बैठक नहीं हो पाई। चेयरमैन सोनू के पारिवारिक सदस्य के देहांत हो जाने की वजह से वह बैठक में नहीं पहुंच पाए। वहीं चेयरमैन के विरोध में चल रहे पंचायत समिति के सदस्यों ने भी बैठक से दूरी बनाए रखी। 28 में से अधिकतर सदस्य ई-रिक्शा खरीद के मामले में हुई गड़बड़ी व विकास कार्य न होने की वजह से चेयरमैन सोनू व वाइस चेयरमैन कृष्णा देवी के खिलाफ लामबंद हैं। वह लगातार ब्लाक समिति चेयरमैन को पद से हटाए जाने की मांग कर रहे हैं।

## महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक जल्द, सीएम करेंगे अध्यक्षता

# विकास का खाका होगा तैयार पत्र लिख मांगा स्टाफ व रूल

- प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिले को सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण बने काफी समय हो चुका है। प्रदेश के पुराने मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसकी घोषणा की थी, लेकिन अभी तक सिर्फ 100 करोड़ देने के अलावा प्राधिकरण को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही एसएमडीए की ओर से जल्द ही विकास का खाका तैयार किया जाएगा। जिसके लिये प्राधिकरण की पहली बैठक भी आयोजित की जा रही है।

बैठक को लेकर सरकार को पत्र लिखा गया है। पत्र में एसएमडीए के लिए स्टाफ की नियुक्ति, रूल व रेगुलेशन (नियम और विनियमन) के लिए मांग रखी जाएगी है। इसके साथ ही एसएमडीए की ओर से क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए खाका तैयार करके सरकार के पास भेजा गया है। एसएमडीए की बैठक जल्द मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

फरवरी में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) के लिए 100 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा की थी। इससे सोनीपत महानगर के विकास को गति मिलनी है। जिससे धरातल पर विकास कार्य शुरू किए जा सकेंगे।

इसके बाद नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने 15 मार्च को नोटिफिकेशन जारी करके एसएमडीए का सीमांकन तय कर दिया था। एसएमडीए के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों, सोनीपत नगर निगम, गन्नौर, खरखौदा व कुंडली नगरपालिका क्षेत्र का विकास किया जाएगा। ऐसे में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली पहली बैठक में विकास कार्य की चर्चा के साथ बजट जारी होने की संभावना है।

### 16 लाख की अनुमानित आबादी के लिए योजना

सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के गठन के बाद पहली बार बजट की घोषणा हुई थी। अब महानगर के विकास को लेकर शीघ्र धरातल पर काम शुरू करने के लिए एसएमडीए की पहली बैठक होगी। तीन साल पहले तैयार किए गए मास्टर प्लान को देखें तो सोनीपत-कुंडली मल्टीफंक्शनल अर्बन कॉम्प्लेक्स की प्रारूप विकास योजना 16 लाख लोगों की अनुमानित आबादी के लिए तैयार की गई है। जिला बनने से पहले सोनीपत क्षेत्र की जनसंख्या 1941 में 17781 थी। मास्टर प्लान के तहत 2031 में जनसंख्या 2523052 तक पहुंचने कर अनुमान है।

### खरखौदा, गन्नौर की सीमाओं तक होगा विकास

विकास योजना का खाका तैयार करने के लिए खरखौदा, गन्नौर की सीमाओं के साथ गोहाना की ओर बादशाहपुर माच्छरी तक का क्षेत्र एसएमडीए में शामिल किया गया है। इससे लोगों को विभिन्न प्रकार की बेहतर सेवाएं व सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) व हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) के माध्यम से सेवाओं को विस्तार देते हुए सुदृढ़ता प्रदान की जाएगी। सीवर, जलापूर्ति व बारिश के पानी की निकासी को और बेहतरीन करवायेंगे। सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। खेल स्टेडियम, आदि के साथ सडकों के चौड़ीकरण पर भी काम किया जाएगा। खरखौदा विकास योजना को मजबूती देने के लिए विशेष रूप से कदम बढ़ाए जाने हैं।

**फिलहाल एक कमरे में चल रहा है कार्यालय :** वर्तमान में एसएमडीए कार्यालय नगर निगम के एक कमरे में चल रहा है। वर्तमान में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केएम पांडुरंग, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्राम कुमार मीणा, वीणा हुड्डा, कार्यकारी अभियंता अमित कुमार, जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा है। साथ ही नगर निगम से एक डाटा एंट्री ऑपरेटर व एक चपरासी ले रखा है।

### पहली बैठक की तैयारी पूर्ण

एमडीएम की पहली बैठक के लिए तैयारी पूरी है। इसके लिए सरकार को पत्र लिखा गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में यह बैठक जल्द होने की संभावना है। बैठक में क्षेत्र के विकास का खाका खींचने के लिए सरकार को प्रारूप भेज रखा है।

- **वीणा हुड्डा,** अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण।




### 1 हजार करोड़ के कागजात

कुछ समय से मार्केट में 1 हजार करोड़ के कागजात घूम रहे हैं। चर्चा है अर्श से फर्श पर आए नेताजी को लपेटने के प्रारंभिक चरण में ये कागजात तैयार किए गए हैं। इन्हीं का डर था, जो नेताजी ने चुनावों में बिना कोई सबूत छोड़े काम किया था। कोई कह रहा था इन्हीं कागजों के जरिये एक मौजूदा जनप्रतिनिधि को भी पार्टी में रोक कर रखा गया है।

### कंधों पर मुंह और हाथों में माला, लटके

पिछले दिनों सुपर सीएम का स्वागत हुआ। 40 लोगों के साथ स्वागत करने पहुंचें सोशल मीडिया वाले नेताजी की फिर किरकिरी हो गई। हुआ यूं कि एक-दो और प्रत्याशियों को सेक्टर 7 पहुंचना था, लेकिन निर्देश मिलने पर वे लोग कुंडली पहुंच गए। फिर क्या था, दूसरों के जनाजे में खुद के फेरे देखने वाले नेताजी कंधों पर मुंह और हाथों में माला लटकाए घुमते दिखे।

### दौड़-भाग में मैडम और उनके होने वाले वो

गोल्डन रिटीवर के पिल्लों का गृह प्रवेश करवाने वाली सचिवालय की मैडम और उनके होने वाले वो दौड़भाग में लगे हुए हैं। जल्द ही जन्मों-जन्मों के बंधन में बंधने जा रहे भावी दंपत्ति की इच्छा है कि दोनों की एक ही जिले में पोस्टिंग मिल जाए। मैडम तो पहले से ही यही हैं, होने वाले वो भी अब सोनीपत के लिये हाथ-पांव मार रहे हैं।

### मैनेज भाई ने लूट ली वाहवाही

सत्ता की चाबी रखने वाली पार्टी के एक नेता हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। सुना है चार-पांच साल चेयरमैनी का लुत्फ उठाकर चेयरमैनी छोड़ने का मूड नहीं था, इसीलिये पार्टी ही छोड़ दी। नेताजी ज्वाइन करने पहुंचें थे तो मौके पर मैनेज करने वाले भाई भी मिल गए और ज्वाइनिंग के टाइम की फोटो खिंचवा कर वाहवाही लूट गए।

### फ्रंटफुट पर खेलना चाहते हैं मैनेज भाई

सुनने में आया है कि अर्श से फर्श पर आए नेताजी अपने बेटे को राजनीति में प्रोजेक्ट करने की तैयारी में हैं। इस वजह से उम्र में छोटे लेकिन मैनेज करने में बड़े भाई खफा हो गए हैं। मैनेज भाई अब खुद फ्रंटफुट पर आकर खेलना चाहते हैं। हमेशा ही पर्दे के पीछे से चीजों को मैनेज करते आ रहे भाईसाहब गन्नौर व राई से चुनाव लड़ने के इच्छुक बताए गए हैं।

# किसी से मोटी कमाई का लालच तो किसी को केस में बचाने का झांसा देकर लूटी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में साइबर ठगों का मकड़झाल में लोग फंसे जा रहे है। ठग लगातार लोगों को झांसे में लेकर उनकी मेहनत की कमाई को हड़प रहे है। ठग किसी को मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी का शिकार बना रहे है, तो किसी को दुष्कर्म के मामले में बचाने का झांसा देकर ठगी कर रहे है। कुंडली क्षेत्र की महिला को शेयर बाजार में मोटी कमाई का लालच देकर 1.49 करोड़ रुपये ठग लिए गए। फैक्टरी महाप्रबंधक को कॉल कर बेटे के दुष्कर्म मामले में फंसने व बचाने के नाम पर 5.20 लाख ऐंठ लिए गए।

### पहला मामला :शेयर बाजार में मोटी कमाई का लालच देकर 1.49 करोड़ ठगे

कुंडली क्षेत्र की महिला को शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 1,49,49000 रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति राजीव सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी नीलम 29 मार्च को मोबाइल पर सोशल मीडिया की पोस्ट देख रही थीं। तभी उन्हें शेयर मार्केटिंग सीखने के लिए विज्ञापन देखा था। जिस पर उन्होंने अपना मोबाइल नंबर उनके साथ साझा कर दिया था। उन्हें एफ 101 एवेंडस इन्वेस्टर क्लब नाम से बने व्हाट्सएप पर जोड़कर मीरा नाम की महिला ने संपर्क किया था। जिसके बाद नरेश राठी से संपर्क कराया गया। उन्हें शेयर मार्केट में 600 से 800 प्रतिशत का मुनाफा देने के नाम पर झांसे में लिया गया। 3 मई को मीरा ने उनकी पत्नी को कॉल कर पूछा था कि उनके पास कोई ट्रेडिंग एप है। तब उनकी पत्नी ने बताया था कि ग्रो-डब्ल्यू एप है। उन्होंने उनकी पत्नी से असमटोप एप डाउनलोड कराया। जिसके बाद उनकी पत्नी से 50 हजार रुपये शेयर मार्केट में लगवाए गए। उसके बाद 31 दिन में 10 मई से 10 जून तक उनसे 23 बार में 1,49,49000 रुपये जमा करा लिए गए।

### दूसरा मामला : बेटे के दुष्कर्म के मामले में फंसने व बचाने के नाम पर ठगी

कुंडली स्थित फैक्टरी के महाप्रबंधक को कॉल कर बेटे के दुष्कर्म मामले में फंसने की जानकारी देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। खुद को पुलिसकर्मी बताकर मामले से महाप्रबंधक के बेटे को निकालने के नाम पर 5.20 लाख ठग लिए गए। नवीन ने पुलिस को बताया कि उनके पास 12 जून को कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिसकर्मी बताया था। उसने कहा था कि पुलिस वेरिफिकेशन कॉल है। साथ ही पूछा था कि क्या आप नवीन कुमार सिंह बोल रहे है। उनके हां कहने पर ठग ने कहा था कि आपका बेटा अपने चार दोस्तों के साथ मध्यप्रदेश में दुष्कर्म मामने में पकड़ा गया है। उन्हें पता है कि वह निर्दोष है। उसने किसी को उनका बेटा बताकर बात कराई। उसने रोते ही कहा कि पापा उसे बचा लो। उनका बेटा बाहर गया था तो वह उनके झांसे में आ गए। साइबर ठग ने पुलिस व चिकित्सक को देने के नाम पर उनसे 16 बार में अलग-अलग खातों में 5.20 लाख रुपये ठग लिये। जब उन्हें पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तीसरा मामला : चंदे के नाम पर 5.72 लाख ठगे

बंदेपुर निवासी ग्रामीण को चंदा (डानेशन) दिलाने के नाम पर 5.72 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। सतीश कुमार ने बताया कि 25 सितंबर, 2023 को उनके पास एक कॉल आई थी। जिसने कहा था कि वह शिक्षण संस्थानों को डोनेशन दिलवाते है। वह डोनेशन लेने के नाम पर उनके झांसे में आ गए। उनसे अलग-अलग बैंक खातों में 51 ट्रांजेक्शन में 5 अक्तूबर, 2023 से 7 फरवरी तक 5.72 लाख रुपये डलवा लिए गए। बाद में जब ठगी का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया।

### छात्रा को जॉब दिलाने के नाम पर पांच हजार ऐंठे

हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की पूर्व छात्रा को जॉब दिलाने के नाम पर पांच हजार ठगने का मामला सामने आया है। अब उनसे दो लाख और मांगे जा रहे है। पूर्व छात्रा पूनम ने बताया कि एक कंपनी प्लेसमेंट के लिए आई थी। जिसके बाद उन्होंने जॉब देने के नाम पर पांच हजार रुपये ले लिए। अब उनसे दो लाख और मांगे जा रहे है। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ऑनलाइन साइटों से आने वाले लिंक व कॉल से बचना जरूरी है। ऐसे कॉलर से किसी प्रकार की जानकारी शेयर न करें। ठग लगाताकर लोगों की कमाई को ऐंठने का काम कर रहे है। साइबर पुलिस की तरफ से बड़े से बड़े खुलासे करने का काम किया है। काफी संख्या में ठगों के पास से मोबाइल फोन, सिम, सहित अन्य उपकरण बरामद किए है। आरोपितों ने पूरे भारत में बड़ी संख्या में ठगी के मामलों में संलिप्ता पाई गई है। पुलिस अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम भी कर रही है।

- **गौरव राजपुरोहित** पुलिस उपायुक्त सोनीपत

### पेयजल लाइन ठीक करने के बाद टूटी सड़क से दुकानदार परेशान

**गन्नौर ।** नगर पालिका रोड पर जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति लाइन ठीक करने के बाद जगह-जगह से टूटी सड़क को ठीक न करने पर दुकानदार भाजपा मंडल महामंत्री या अमन मुखिया के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को शिकायत देने पहुंचे । शिकायत में दुकानदारों ने बताया कि गत 22 में को पेयजल आपूर्ति लाइन को ठीक करने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सड़क को जगह-जगह से तोड़ा गया था लेकिन बार-बार अवगत कराने के बाद भी सड़क को ठीक नहीं किया जा रहा जिस दुकानदार परेशान है । दुकानदार अमन, सुनील, अनुराग आदि ने बताया कि लिखित में शिकायत देने से पहले वह जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में जाकर विभाग के के को कई बार अवगत करवा चुके हैं लेकिन अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही । भाजपा मंडल महामंत्री अमन मुखीजा ने बताया कि जहां से फैजुल्लापुर की लाइन को ठीक करने के लिए खुदाई की गई है वहां से निकल गई मिट्टी को भी नहीं उठाया गया जिस कारण तेज हवा चलने पर मिट्टी दुकानों में चली जाती है जिससे दुकानदार बहुत परेशान है ।

## न्यूज डायरी

### ठेकेदार नहीं दे रहा डीसी रेट, ना ही ईएसआई-पीएफ



**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच सोनीपत संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग, बली सेना द्वारा बुधवार को नगर निगम में आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नगर पालिका कुंडली ठेका सफाई कर्मचारियों को डीसी रेट ना देने बारे व ईएसआई-पीएफ सुविधा ना देने बारे में शिकायत दी गई। ज्ञापन में बताया गया कि नगर पालिका कुंडली में जो सफाई कर्मचारी लगे हुए हैं। उन कर्मचारियों का सफाई का ठेका जून 2023 से लेकर 19 जून तक टेंडर की शर्तों के आधार पर कोई भी मूलभूत सुविधाएं कर्मचारियों को नहीं दी जा रही। जिसके कारण सफाई कर्मचारियों में रोष है। यूनियन ने इस मामले में उच्च अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। इसके अलावा नगर पालिका कुंडली के ठेकेदार की विजिलेंस से जांच करवाने की मांग भी गई। इस दौरान प्रधान मुकेश, सचिव सावन कुमार, उपप्रधान रविंद्र, मीडिया प्रभारी प्रवीन, सह-सचिव विकास, कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार, राजकुमार, सतपाल आदि मौजूद रहे।

### मंडी क्षेत्र में जल्द दूर होगा पेयजल संकट

**सोनीपत।** मंडी क्षेत्र में पेयजल की कमी का संकट जल्द ही दूर हो जायेगा, 23 सेक्टर सिथत हुड्डा वाटर वर्क्स से निगम के बूस्टिंग स्टेशन को 2 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिलना शुरू हो गया है जिसकी आपूर्ति जल्द ही शुरू हो जाएगी। मंडी क्षेत्र में पेयजल के संकट की लगातार आ रही शिकायतों के चलते मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन बुधवार को 23 सेक्टर की ग्रीन बेल्ट में अमृत योजना के तहत निर्मित बूस्टिंग स्टेशन पर पंहुचे और वस्तुसिथति की जानकारी ली। बूस्टिंग स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि सदर थाने के पास सिथित बूस्टिंग स्टेशन से मंडी क्षेत्र एवं देव नगर को पानी की आपूर्ति होती है। उन्होंने बताया कि अब देवनगर को 23 सेक्टर बूस्टिंग स्टेशन से पानी की आपूर्ति की जाएगी और देव नगर जाने वाले पानी की जो बचत होगी वह ककरोई रोड पर वाल्व लगाकर मंडी क्षेत्र में दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि दोनों एरिया में पानी की समुचित आपूर्ति हो जाएगी। उन्होंने ककरोई रोड पर 25 करोड़ की लागत से अमृत योजना के तहत निर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया की ककरोई गांव सिथित पश्चिमी यमुना नहर से प्लांट तक पानी की लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है, प्लांट के अंदर लाइन डालने का काम बाकी है।

### मलिथुआनिया पहुंचा शिक्षक व छात्रों का दल

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ के शिक्षक व छात्र दल का लिथुआनिया के विल्नियस जेमिनॉस प्रोगिमनाजिआ स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। यह दल लिथुआनिया में दस दिन तक रहेगा। इस दल में तीन शिक्षक व 9 विद्यार्थी शामिल हैं। सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा व ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा का इंडियन एम्बैसी के प्रतिनिधि द्वारा हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय छात्र व अध्यापक लिथुआनिया की संस्कृति, भाषा और परंपराओं का अवलोकन करेंगे। इसके अलावा यह दल विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य और संगीत आदि गतिविधियों में भाग लेगा। ऋषिकुल विद्यापीठ के चेयरमैन एस के शर्मा ने इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के बारे में कहा, /"यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है जो हमारे छात्रों के मध्य विश्व सांस्कृतिक सम्बन्धों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। इसके माध्यम से हमारे छात्रों को ग्लोबल मानसिकता, समझदारी, सामंजस्य की महत्वपूर्ण शिक्षा प्राप्त होती है। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने कहा कि इस सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम से दोनों देशों के तकनीकी क्षेत्र में विस्तार होगा तथा वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान बनेगी।

### श्री खाटू श्याम सेवा समिति ने लगाया भंडारा



**खरखौदा।** थाना कलां मार्ग पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें देसी घी का प्रसाद बनाया गया और श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद ग्रहण करवाया गया। इस मौके पर अनिल कुमार, मनोज कुमार ने बताया कि श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा हर वर्ष इस तरह भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### साथ देने वाले हालात नहीं देखा करते : कृष्ण सरोहा

**सोनीपत।** जेजेपी की छात्र इकाई इनसो के पूर्व जिला प्रधान कृष्ण सरोहा ने कहा कि बुरे दौर में पार्टी छोड़ने वाले बरसाती मेंढक के समान होते हैं। जो नेता इस समय पार्टी को छोड़ कर अन्य पार्टियों में जा रहे हैं वे जन सेवा नहीं धन सेवा प्राप्त के लिए राजनीति कर रहे हैं। कृष्ण सरोहा ने बताया कि पूरे प्रदेश का युवा वर्ग इस बात को जानता है कि उनके हितों की बुलंद आवाज कोई उठा सकता है तो वह पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला है। भाजपा के साथ सवा चार साल तक सत्ता में रहते हुए उन्होंने प्रदेश की जनता के हितों के लिए अनेकों कार्य किया। राज में हिस्सेदारी से दुष्यंत की समझदारी से उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार मे 75% आरक्षण कानून की लड़ाई लड़ी। पंचायत चुनाव में बीसी ए को 8% आरक्षण दिलवाया।, राशन डिपो में 33% महिला आरक्षण और इसके साथ पंचायत चुनाव में 50% महिला आरक्षण दिलवा करें प्रदेश में महिलाओं को बराबर का सम्मान दिया। कृष्ण सरोहा ने बताया कि क्षेत्रीय दल ही प्रदेश के हितों को सर्वोपरि रख सकते हैं।

### नई अनाज मंडी में योग दिवस की रिहर्सल की गई

**गन्नौर।** नई अनाज मंडी गन्नौर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के लिए बुधवार रिहर्सल का आयोजन किया गया। ओउम के उच्चारण इसके उपरांत योग शिक्षक धीरज कुमार, रीना, अनिल व जीतराम ने विभिन्न प्रकार की योगिक क्रियाओं तथा योगासनों का अभ्यास कराया। साथ ही उनसे होने वाले फायदों की भी जानकारी दी गई। योगाभ्यास का समापन प्राणायाम के साथ किया गया। गन्नौर उपमंडल के आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डा. पुनीत गांधी ने बताया कि 21 जून को उपमंडल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि एडीसी अंकित चौधरी करेंगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों आह्वान किया कि वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक हिस्सा लें। इस मौके पर आयुष विभाग के डा. मनीष, डा. सीमा, डा. सुशील, डा. ज्योति भी मौजूद थे।

### योग मैराथन में कार्तिक व ईशीका ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को योग मैराथन का आयोजन किया गया। जिला बाल भवन से शुरू हुई योग मैराथन को डीसीपी नरेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योग मैराथन में लडकों में पहला स्थान कार्तिक और लड़कियों में ईशीका ने प्रथम स्थान हासिल किया। इन सभी विजेताओं को 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। करीब तीन किलोमीटर लंबे ट्रैक के अंतर्गत मैराथन के प्रतिभागी जिला बाल भवन से महलाना रोड़ से तिरंगा चौंक-छोटूराम चौंक से होते हुए पुलिस लाईन में पहुंचे। इस दौरान नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि सभी नागरिक अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य समय दें क्योंकि योग ऐसी क्रिया है जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में सहायता करता है। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी बलविन्द्र, आयुष विभाग से डॉ. मनीष गोयल, प्रो. सुभाष सिसोदिया सहित अनेक अधिकारी व गणमान्य व्यक्तियों सहित आयुष विभाग के सभी योग प्रशिक्षक व खेल विभाग के कोच मौजूद रहे।

## पेपर लीक और धांधली के खिलाफ आप का प्रदर्शन

# नीट में हुई गड़बड़ी ने बच्चों का भरोसा तोड़ा : देवेन्द्र

- उपायुक्त की गैर-मौजूदगी में डीडीपीओ को सौंपा महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते हुए आप पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण।

आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोनीपत में /"आप/" के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम के नेतृत्व में नीट पेपर लीक व धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त सोनीपत को ज्ञापन सौंपकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच की मांग की। इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के ग्रामीण व शहरी जिलाध्यक्ष के साथ सभी पदाधिकारी व सभी कार्यकर्ता शामिल हुए। सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने कहा कि हाल ही में देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा नीट के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी ने देश के लाखों बच्चों का भरोसा तोड़ दिया है। बीजेपी सरकार में देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा पर भी सवालिया निशान लग गए हैं। लाखों बच्चे और अभिभावक इसकी वजह से मानसिक तनाव में हैं। 1583 बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिए गए और कई जगह से परीक्षा में गड़बड़ी की खबरें आने पर देश के लाखों बच्चों का भविष्य खतरे में है। 24 लाख बच्चों के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नीट के परिणाम 14 जून को आने थे, लेकिन इसे दस दिन पहले यानि 4 जून को ही जारी कर दिया गया। ताकि मीडिया चुनावी नतीजों में लगी रहे और भाजपा के पेपर लीक की चर्चा न हो। इसलिए एनटीए ने जानबूझकर 4 जून को नतीजे जारी किए। इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि किन कारणों से 14 जून की जगह 4 जून को नीट के नतीजे जारी किए गए। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय और उसके अधीन आने वाले एनटीए ने भाजपा शासित राज्यों में उसके नेताओं के साथ मिलकर देश के लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। इस दौरान आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश इवेंट इंचार्ज नवीन गौर, ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र छिकारा, शहरी जिलाध्यक्ष राजेश सरोहा, लीगल डिस्ट्रक्टि प्रेसिडेंट सुरेश मलिक, महिला प्रदेश सह सचिव सरोज बाला राठी, जिला मीडिया प्रभारी अमरदत भारद्वाज, जिला सेक्रेट्री सुनील दहिया, डिस्ट्रक्टि किसान प्रेसिडेंट सोमबीर नरवाल, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चुघ, ब्लॉक अध्यक्ष रतनलाल ठेकेदार, ब्लॉक अध्यक्ष अजय टोंक, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज लाकड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष सूरजभान, ब्लॉक अध्यक्ष कपूर सिंह, वार्ड अध्यक्ष अजमेर राठी, वार्ड अध्यक्ष योगेश पाल, वार्ड अध्यक्ष विक्रम आदि मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद का रक्तदान शिविर आज

**गन्नौर।** गन्नौर भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा हरियाणा मध्य प्रांत व बहालगढ़ स्टील उद्योग के विशेष सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 20 जून को आज विश्वकर्मा मंदिर में किया जाएगा। भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष सेवा संदीप सिंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन स्वर्गीय श्री हरि शंकर सिंघानिया फाउंडर जे के लक्ष्मी सीमेंट की जयंती के उपलक्ष में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने वाले रक्तदाता को एक हेलमेट व आकर्षक उपहार भी दिया जाएगा। बहालगढ़ स्टील उद्योग के संचालक दीपक गोयल ने रक्तदाताओं से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान ही महादान है इसलिए समय-समय पर हमें रक्तदान करते रहना चाहिए।